आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :427 पृष्ठ –4 दिनांक 17 मार्च 2025 दिन रविवार

# यूपी के कई जिलों में आज भी बारिश का अलर्ट, प्रयागराज में 40 डिग्री के पास पहुंचा पारा

## उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को हुई बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत




उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को हुई बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली और तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिली हैं हालांकि दिन के समय सूर्य देवता ने अपने पूरे तेवर दिखाए और तेज धूप निकली. मौसम विभाग ने आज भी कई जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है. होली के बाद से ही मौसम में ये बदलाव देखने को मिल रहा है. सा.मवार से एक बार फिर से मौसम के शुष्क रहने का ही अनुमान है. मौसम विभाग के मुताबिक आज रविवार को यूपी के कई जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया हैं. इस दौरान पश्चिमी यूपी और पूर्वी यूपी के कुछ जिलों में बारिश की बा.छारें पड़ने का अनुमान है. इसके साथ ही कुछ जगहों पर मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है. सोमवार से अगले पांच दिन मौसम फिर से अपने पुराने तेवरों में लौट आएगा. 17 से 21 मार्च तक मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है. इस दौरान किसी तरह की चेतावनी नहीं दी गई है. यूपी में आज मथुरा, आगरा, अलीगढ़, हाथरस, बुलंदशहर, संभल, बदायूं, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, शाहज.हांपुर, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, हरदोई, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर कानपुर शहर, कानपुर देहात, उन्नाव, रायबरेली, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, सीतापुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, और गोंडा समेत आसपास के इलाकों में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश का अनुमान जताया गया है. यूपी में इन दिनों दिन के समय तेज धूप निकल रही है जिसकी वजह से बारिश का असर भी नहीं दिखाई दे रहा है. जिससे दिन में गर्मी रहती है. प्रदेश में 31.2 डिग्री से लेकर 38.4 डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान बना हुआ है. पिछले 24 घंटों में प्रयागराज में सबसे गर्म दिन रहा. राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री रहा. जबकि अयोध्या में सबसे ठंडा मौसम रहा, यहां सबसे कम न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी.

## लखनऊः 31 तक जमा कर दें हाउस टैक्स नहीं तो लगेगा 12 प्रतिशत ब्याज

लखनऊ 31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2024–25 समाप्त हो रहा है। इससे पहले भवन स्वामी बकाया हाउस टैक्स जमा कर दें, नहीं तो 12 प्रतिशत ब्याज के साथ गृहकर जमा करना पड़ेगा। भवन स्वामियों की सुविधा के लिए नगर निगम अवकाश के दिन रविवार को भी सभी जोनल कार्यालय गृहकर जमा करने के लिए खोलेगा।इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी घर बैठे बकाया गृहकर का भुगतान किया जा सकता है। गृहकर सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए सभी वार्डों में विशेष शि.विर का रविवार को आयोजन किया जाएगा। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने भवन स्वामियों से इस सुविधा का लाभ उठाते हुए बकाया गृहकर जमा करने की अपील की है।

भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई ने 68 जिलों के जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी है. हालांकि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के गृह जनपद में नाम का ऐलान नहीं हो पाया है. केशव प्रसाद मौर्य के गृह जनपद कौशांबी में रविवार, 16 मार्च को अध्यक्ष का नाम घोषित नहीं हो सका .कौशांबी जिले के अध्यक्ष का नाम भी आज प्रयागराज से ही घोषित होना था . जिलाध्यक्ष के नाम पर खींचतान होने की वजह से घोषणा फिलहाल टाल दी गई है .कौशांबी में भी केशव प्रसाद मौर्य के तमाम करीबी प्रबल दावेदार थेवहीं बीजेपी ने प्रयागराज के तीनों संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी है. संजय गुप्ता बने भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष पूर्व एमएलसी निर्मला पासवान गंगापार की जिलाध्यक्ष बनी हैं. वहीं रा.जेश शुक्ला यमुनापार बीजेपी के जिलाध्यक्ष बने.

## उत्तराखंड में हिमस्खलन होने से गंगोत्री धाम सहित कई क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया



उत्तराखंड में गंगोत्री हाईवें पर चांगथांग के समीप एक बार फिर हिमस्खलन होने से गंगोत्री धाम सहित कई क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गय0 है. यह हिमस्खलन धराली और जांगला पुल के बीच हुआ, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया. जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी पुष्टि की है और मार्ग खोलने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं.बीते कुछ दिनों से जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हो रही है, जिससे हिमस्खलन की आशंका बनी हुई थी. मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी की थी कि ऊंचाई वाले इलाकों में हिमस्खलन हो सकता है. इससे पहले 28 फरवरी को भी डबराणी, झाला के पास और धराली व भैरोघाटी के बीच भारी हिमस्खलन हुआ था जिससे हाईवे बाधित हो गया था.ताजा हिमस्खलन धराली से आगे चांगथांग के पास हुआ, जिससे गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही ठप हो गई. बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण मार्ग पूरी तरह बंद हो गया, जिससे गंगोत्री धाम जाने वाले श्रद्धालुओं, सेना के जवानों और स्थानीय निवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. यह हिमस्खलन हाईवे से करीब 100 मीटर नीचे भागीरथी नदी तक हुआ, जिससे इस क्षेत्र में खतरा और बढ़ गया है.प्रशासन ने स्थिति को गंभीर मानते हुए हाईवे को साफ करने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की टीमें तैनात कर दी हैं. हालांकि, भारी बर्फबारी के कारण राहत कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं. जिला प्रशासन ने यात्रियों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें.स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का करना पड़ता है सामनागौरतलब है कि गंगोत्री हाईवे सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन सीमा से सटे इलाकों तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है. हर साल सर्दियों में यह मार्ग बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण अवरुद्ध हो जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. प्रशासन ने कहा है कि जैसे ही मौसम में सुधार होगा, हाईवे को साफ करने का कार्य तेज किया जाएगा ताकि आवागमन बहाल किया जा सके.

### केदारनाथ में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध? चारधाम यात्रा से पहले विधायक ने कर डाली बड़ी मांग

उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी की जा रही है. यह जानकारी स्थानीय विधायक आशा नौटियाल ने दी है. उनका कहना है कि कुछ गैर हिंदू तत्व केदारनाथ धाम की पवित्रता को भंग करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके चलते उन पर रोक लगाने की जरूरत महसूस की जा रही है.विधायक आशा नौटियाल के अनुसार, कुछ गैर हिंदू लोग केदारनाथ धाम में मांस, मछली और शराब परोसने का काम कर रहे हैं, जिससे इस पवित्र स्थल की गरिमा प्रभावित हो रही है. उन्होंने कहा, ष्हमारा प्रयास है कि ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाए और उन पर प्रतिबंध लगाया जाए. तीर्थस्थल की पवित्रता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है.आशा नौटियाल ने बताया कि हाल ही में प्रदेश के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने केदारनाथ में स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की थी. इस बैठक में भी यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठा कि कुछ गैर हिंदू लोग केदारनाथ धाम को बदनाम करने की को.शिश कर रहे हैं. बैठक में सुझाव दिया गया कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर उनके प्रवेश पर रोक लगाई जानी चाहिए.केदारनाथ हिंदू धर्म का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं. ऐसे में स्थानीय लोग और हिंदू संगठनों का मानना है कि यहां की धार्मिक परंपराओं का पालन सख्ती से किया जाना चाहिए. कई संगठनों ने भी प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. उनका कहना है कि यह संविधान के मूलभूत अधिकारों के खिलाफ हो सकता है. विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे पर सरकार से स्पष्ट रुख रखने की मांग की है.विधायक आशा नौटियाल के इस बयान के बाद राज्य सरकार और प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. लेकिन अगर यह प्रस्ताव आगे बढ़ता है, तो इस पर कानूनी और सामाजिक स्तर पर काफी बहस हो सकती है. अब देखना होगा कि सरकार इस मामले में क्या रुख अपनाती है और क्या सच में केदारनाथ में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाएगा.

## भगवान शिव के भेष में ताजमहल पहुंचा एक युवक, फिर CISF ने ऐसे कराया ताज दीदार

संगमरमरी इमारत ताजमहल को लेकर आए दिन नए विवाद सामने आते रहते है जिसकी वजह से यह इमारत दुनियाभर में चर्चाओं में रहती है. ताजमहल को लेकर कई प्रकार के दावे किए गए है. आए दिन नई नई वीडियो वायरल होती है. कुछ संगठन ताजमहल के तेजोमहालय होने का भी दावा करते है. ताजमहल को लेकर वीडियो आए दिन वायरल होते है, कभी ताजमहल में रील बनाने के वीडियो वायरल होते है और कभी अजीब गरीब नजारे वाले वीडियो वायरल होते है. शनिवार को आगरा में कई वीडियो वायरल हुए जिसमें एक पर्यटक की भेष भूसा चर्चाओं की वजह बन गई. ताजमहल आए पर्यटक का भेष भूसा देखकर लोग चौंकने लगे और सेल्फी लेने लगे. ताजमहल दीदार को आए पर्यटक ने भगवान शिव का भेष लिया हुआ था. साथ ही हाथ में त्रिशूल और डमरू था जिसे देखकर एएसआई और सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मी चौंक गए. भगवान शिव का भेष लिए पहुंचे पर्यटक को सीआईएसएफ ने प्रवेश नहीं दिया. काफी समय तक पर्यटक इंतजार करता रहा फिर त्रिशूल और डमरू जमा करा कर ताजमहल में प्रवेश दिया. त्रिशूल और डमरू को रखकर पर्यटक ने ताजमहल भ्रमण किया. भगवान शिव का भेष लिए पर्यटक को ताजमहल सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ ने अपने सामने ता.जमहल भ्रमण कराया जिसका वीडियो वायरल है.ताजमहल भ्रमण को आए पर्यटक ने बताया है कि मेरा नाम आदि देव है और नर्मदा घाट मध्य प्रदेश से आया हु, में देखना चाहता हु ताजमहल में क्या है, ता.जमहल कैसा है, ये हमारे देश की घरोहर है, पर जब में ताजमहल पर पहुंचा तो मेरा भेष देखकर मुझे रोक दिया गया. काफी देर तक मैने इंतजार किया फिर मुझसे कहा गया कि त्रिशूल और डमरू जमा करा दो, उसके बाद मुझे प्रवेश दिया गया, देश विदेश से लोग यहां आते है इसलिए मैं भी देखने आया था.ताजमहल को तेजोमहालय वाले दावे पर पर्यटक ने कहा कि हम भग.वान शिव के उपासक है और सनातन को जहां संदेह रहता है वहां सच होता है, सच एक न एक दिन सामने आता है, सच कभी छिपता नहीं है, सच को शुरू से ही दबाया गया. समय लगेगा पर सत्य उजागर होगा और सबके सामने आएगा.

## उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में खून के रिश्ते को तार–तार करने वाला एक मामला सामने आया



उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में खून के रिश्ते को तार–तार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां जायदाद के लालच में सगे भाई ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर बड़े भाई की निर्मम हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हत्यारोपी भाई और आरोपी उसके रिश्तेदार को शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर आला कत्ल हथियार बरामद किया है। यह घटना हथगाम थाना क्षेत्र के इरादतपुर धामी गांव की है।गांव के रहने वाले 50 वर्षीय रामबरन यादव दो भाई थे। जिनमें छोटा भाई शिवबरन यादव शादीशुदा है। बड़ा भाई रामबरन अविवाहित था। बताया जा रहा है कि उसके हिस्से की जमीन छोटा भाई शिवबरन लेना चाहता था। जिसको लेकर आए दिन दोनों में विवाद होता रहता था। करीब 2 साल पहले विवाद के चलते शिवबरन अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर ससुराल चला गया था। इस बीच रामबरन पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक के यहां रहता खाता और अपनी खेती किसानी करता था।शक के चलते उतारा मौत के घाट शिवबरन को शक था कि कही उसका भाई रामबरन अपनी जायदाद पड़ोसी के नाम ना कर दे। इस पर शिवबरन ने अपने रिश्तेदार लाल सिंह निवासी बलराम दास का पुरवा थाना खागा के साथ मिलकर अपने अविवाहित बड़े भाई के हत्या की योजना बना डाली। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात रामबरन गांव के बाहर स्थित अपने खेत पहुंचकर नलकूप की कोठरी का ताला खोल रहा था। तभी इस दौरान शिवबरन और उसके रिश्तेदार पीछे से आये और रामबरन के सिर और गर्दन पर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।शव को खेत में छुपा दिया था इसके बाद शव को कुछ ही दूर बगल में गेहूं के खेत में छुपा दिया। दूसरे दिन सुबह ग्रामीणों ने रामबरन का रक्त रंजित शव खेतों में पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। इसके बाद घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मामले में स्थानीय थाना पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की थी। इस दौरान घटना को अंजाम देने वाले उपरोक्त आरोपी प्रकाश में आये थे।आला कत्ल के साथ पुलिस ने दबोचा जिन्हें रविवार की सुबह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी भाई ने पड़ोसी को जायदाद नाम करने के शक में अपने भाई की हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के अलावा आरोपियों के पास से दो मोबाइल और एक बैग में कपड़े और 450 रुपए नगद बरामद किये है।डिशनल एसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि जायदाद की लालच में छोटे भाई ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर बड़े बड़े भाई की हत्या की है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

# उत्तर प्रदेश का हाथरस में शर्मसार करने वाला मामला सामने आया



उत्तर प्रदेश का हाथरस में शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां शिक्षा का मंदिर कहे जाना वाला एक डिग्री कॉलेज के शिक्षक की घिनौनी करतूत ने शिक्षा का सिर शर्म से झुका दिया है। इस डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को आरोपी प्रोफेसर परीक्षा में अच्छे नंबर और सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनके साथ रेप की घटनाओं अंजाम देता और उनका अश्लील वीडियो फोटो निक. ालकर उन्हें बदनाम करनी धमकी देता। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेट फार्मों पर वायरल होने लगा तो शहर में चर्चा शुरू हो गई। पुलिस ने आरोपी

प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी हैपीसी बागला डिग्री कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर रजनीश छात्राओं के यौन शोषण करने के आरोप में घिर गए हैं। कोतवाली हाथरस गेट पुलिस ने उसके खिलाफ दुष्कर्म सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वही प्रोफेसर की अश्लील हरकतों की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। प्रोफेसर पर आरोप है कि 20 साल से छात्राओं का शोषण कर रहा है। छात्राओं को प्रतिभागी परीक्षाओं में पास करने और सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देता और छात्राओं के अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर उनके धमकी देता।राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ तमाम पुलिस–प्रशासनिक अधिकारियों से कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र स्थित पीसी बागला डिग्री कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कालेज के चीफ प्रॉक्टर रजनीश पर छात्राओं का यौन शोषण करने और उनकी अश्लील वीडियो फोटो बनाने के आरोप वाले पत्र भेजे थे। वही शिकायती पत्र के साथ 12 फोटो भी भेजे गए थे,इन फोटो में वह छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करता दिखाई दे रहा है। इनमें कुछ फोटो डिग्री कॉलेज के एक कार्यालय की बताए जा रहे हैं।वही इस पूरे मामले में जब सीओ सिटी को इसकी जांच मिली तो उन्होंने इसकी जांच शुरू करी और फोटो में प्रोफेसर के साथ दिख रही छात्राओं के बारे में कॉलेज प्रशासन से जानकारी करने की कोशिश करी। लेकिन कॉलेज प्रशासन ने पुलिस जांच में सहयोग नहीं किया। चार दिन पहले एसपी ने इसकी जांच अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह से कराई। जांच में शिकायत के कुछ तथ्य सही पाए गए हैं।वही अब डिग्री कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर रजनीश छात्राओं के यौन शोषण करने के आरोप में बुरी तरह घिर गए हैं। कोतवाली हाथरस गेट पुलिस ने उनके खिलाफ दुष्कर्म सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस अब आरोपी प्रोफेसर की तलाश कर रही है। इस पूरे मामले में हाथरस एसपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा का कहना है कि इंडस्ट्रीज एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज ने जांच के बाद प्रोफेसर के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया है। जल्द ही आरोपी प्रोफेसर की गिरफ्तारी की जाएगी।

## हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ

हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। थाने से ड्यूटी करके घर लौट रहे होमगार्ड की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई।मृतक की पहचान गांव नगला गुलाबी निवासी 40 वर्षीय चंद्रपाल के रूप में हुई है। वह मुकुंदीलाल का पुत्र था। घटना हाथरस रोड पर गांव बरामई के पास हुई, जब चंद्रपाल साइकिल से अपने घर जा रहा था। अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई और इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को भी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत परिवार को सूचित किया और शव को पा. ॅस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।. परिजनों के अनुसार चंद्रपाल अपने पीछे पांच बच्चों को छोड़ गए हैं। उनके परिवार में अन्य सदस्य भी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों में घटना के बाद कोहराम मच गया।

## सादाबाद थाना क्षेत्र के बिसावर पुलिस चौकी क्षेत्र में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म का शर्मनाक मामला सामने आया



हाथरस रू सादाबाद थाना क्षेत्र के बिसावर पुलिस चौकी क्षेत्र में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म का शर्मनाक मामला सामने आया है. बच्ची का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म की बात सामने आई है. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है. बच्ची को इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेजा गया हसादाबाद थाना क्षेत्र की बिसावर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की 7 साल की बच्ची बीती रात करीब 8रू00 बजे मोहल्ले की दुकान पर गई थी. काफी देर तक वह वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की. पड़ोसियों से पूछताछ में पता चला कि बच्ची को एक अंजान शख्स गोदी में उठाकर ले जा रहा था. इसके बाद यह सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस ने अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर बच्ची की खोजबीन शुरू की. काफी खोज के बाद बच्ची पंडा वाली पोखर के जंगल में मिली. बच्ची के कपड़ों के अलावा कुछ अन्य कपड़े भी बरामद हुए. इसके बाद बच्ची को इलाज के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया. पूछताछ व जानक. ारी पर इसी क्षेत्र के अमन पुत्र चांद खां का नाम सामने आया. जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि थाना सादाबाद की बिसावर पुलिस चौकी क्षेत्र में मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है. मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गई है. आरोपी अमन पुत्र चांद खां को कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा.

## हाथरस में होली के त्योहार पर पुलिस लाइन में उत्साह का माहौल देखने को मिला

हाथरस में होली के त्योहार पर पुलिस लाइन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। थानों और पुलिस चौकियों में भी जमकर रंगों को गुलाल उड़ा। होलिका दहन और धुलेंडी के दौरान जिले की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद पुलिसकर्मियों ने आज जमकर होली का त्योहार मनाया।पुलिस लाइन से लेकर थानों और चौकियों तक सभी जगह रंग–गुलाल की बहार दिखी। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा और अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ होली की रंगत में जमकर हिस्सा लिया। पुलिसकर्मियों ने अधिकारियों को तरह–तरह के मुखौटे पहनाए और उन पर रंग–गुलाल लगाया। इस दौरान जमकर गाने बजे। पुलिस कर्मी होली की मस्ती में नजर आए। फूलों की होली भी खेली गई.. पुलिस लाइन में ढोल–नगाड़ों की थाप पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ डांस किया। सभी ने एक–दूसरे को गले लगाकर होली की



शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर फूलों की होली भी खेली गई। पूरा पुलिस परिसर होली के रंगों में सराबोर नजर आया।

## सादाबाद क्षेत्र में दो प्रमुख सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाएगा

सादाबाद क्षेत्र में दो प्रमुख सड़कों का पुन. र्निर्माण किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप कुमार (गुड्डू भैया) के प्रयासों से यह परियोजना मंजूर हुई है। पहला मार्ग सादाबाद से फतेहल्लापुर तक है। 14 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 14.5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।3 करोड़ रुपए खर्च इस मार्ग से जैतई, रैपुरा गुतहरा, नगला परसू, नगला जसुआ, सिखरा, मीरपुरा और फतेहल्लापुर के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। सड़क बनने से आगरा आने–जाने में भी सुविधा होगी। दूसरा मार्ग गढ़ी गुमानी से नगला आतिया तक है। 3 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर 3 करोड़ रुपए खर्च हा. ेंगे।सड़क का पुनर्निर्माण यह मार्ग पिछले 10 वर्षों से क्षतिग्रस्त स्थिति में था। इस बार सड़क का पुनर्निर्माण के साथ चौड़ीकरण भी किया जाएगा। इस मार्ग से लगभग 20 गांवों को सीधा जुड़ाव मिलेगा। विभाग के इंजीनियरों ने दोनों मार्गों की नापतोल पूरी कर ली है। शासन से धन. राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## हाथरस के नगला बेरिया गांव में एक संविदा स्वास्थ्य कर्मी के परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया



हाथरस के नगला बेरिया गांव में एक सं. विदा स्वास्थ्य कर्मी के परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। स्वास्थ्य कर्मी जयप्रकाश की अनुपस्थिति में कुछ लोग उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने जयप्रकाश की मां, चाचा की बहू, पत्नी और छोटे बच्चों के साथ मारपीट की। साथ ही गाली–गलौज भी की।आरोपियों में नगला टीका के राकेश और उनके साथी शामिल थे। इसके अलावा पड़ोस में रहने वाले संजय और उनकी पत्नी नेमवती भी इस घटना में शामिल थे। सभी आरोपी नशे की हालत में थे। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।जयप्रकाश रोजाना बागला हॉस्पिटल में अपनी ड्यूटी के लिए नगला पूजा और नगला टीका होकर जाते हैं। आरोपियों ने उन्हें रास्ते में जान से मारने की धमकी भी दी है। जयप्रकाश के परिवार का कहना है कि वे शांतिपूर्वक रहते हैं और किसी से कोई झगड़ा नहीं करते। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाथरस के सासनी के रुदायन में मां काली के मेले का आयोजन किया गया।

हाथरस के सासनी के रुदायन में मां काली के मेले का आयोजन किया गया। समाजसेवी राजन लाल शर्मा एडवोकेट ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया।मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई गईं। चाट–पकौड़े की दुकानों पर लोगों की विशेष भीड़ देखी गई। मां काली की भव्य शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ हुई। यह यात्रा गली–मोहल्लों से होते हुए पुनः मंदिर तक पहुंची। मार्ग में भक्तों ने जगह–जगह मां काली की आरती की और प्रसाद वितरण किया।मेला कमेटी में होडल सिंह, वीरेंद्र सिंह, शर्मा जी और ब्रजेश उपाध्याय सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। मनोज उपाध्याय और धर्मेंद्र शर्मा ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई।युवा टीम में शुभम, गुंजन, गौरव, अंकित और आशीष समेत अनेक युवाओं ने सहयोग किया। छेदीलाल, उमेश राना और प्रेमचंद ने भी अपना योगदान दिया। जितेन्द्र चतुर्वेदी, प्रशांत पाठक और गौरव पाठक ने व्यवस्थाओं में मदद की।कार्यक्रम के समापन पर मेला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने सभी ग्रामवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने मेले की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## हाथरस के सासनी में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) केकार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह मनाया

हाथरस के सासनी में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं ने रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराज अतुल कृष्ण भारद्वाज रहे।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। मंच पर महाराज अतुल कृष्ण शास्त्री, प्रवीण शर्मा, भगवानदास, दिनेश लवानिया और विनय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खगेंद्र शास्त्री ने किया।महाराज अतुल कृष्ण भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश की एकता के लिए हिंदू समाज का एकजुट होना जरूरी है। कार्यक्रम में सभी ने अबीर–गुलाल और पुष्पों से होली खेली।समारोह में सुखबीर, रवि चौधरी, योगेंद्र, कपिल, दुष्यंत, अंशुल, विशेष शर्मा, प्रेम दत्त शर्मा, रामबाबू, अनिल मिश्रा, आशुतोष पाठक, अर्चित, ध्रुव शर्मा, देवेश पचौरी नहलोई, बृजेश सेंगर, रूपेश उपाध्याय सहित क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे।



# पाकिस्तान के 12 जिलों में मिला पोलियो का वायरस

## भारत में कब खत्म हुई विकलांग बनाने वाली यह बीमारी?

पोलियो एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है, जो पोलियोवायरस की वजह से होती है. पिछले कुछ सालों में दुनिया के ज्यादातर देश पोलियो से मुक्त हो चुके हैं. सिर्फ दो देश ही पोलियो से प्रभावित हैं. पाकिस्तान और अफगानिस्तान. दुनिया के करीब 85: पोलियो के मामले सिर्फ पाकिस्तान में ही हैं. हाल ही में पड़ोसी देश के 12 जिलों में इस बीमारी का वायरस मिला है. पाकिस्तान में बढ़ रहे पोलियो के केस से भारत में चिंता बढ़ी है. क्योंकि भारत पोलियो फ्री हो चुका है और पाकिस्तान से सीमा पार बहुत से लोग आते–जाते रहते हैं. ऐसे में सावधानी जरूरी है.पोलियो गंभीर और कई बार जानलेवा भी हो सकता है. यह पोलियो वायरस की वजह से फैलता है. इसके लक्षण ज्यादातर लोगों में बहुत ही हल्के नजर आते हैं या फिर दिखाई ही नहीं देते हैं. कुछ मामलों में संक्रमण गंभीर भी हो सकता है. इनमें पैरालिसिस यानी लकवा या फिर मौत तक हो सकती है. पोलियो से संक्रमित 95: लोगों में इसके लक्षण ही नजर नहीं आते हैं. संक्रमित




व्यक्ति बिना लक्षणों के भी पोलियो वायरस को दूसरों तक फैला सकता है. ये लक्षण दो तरह के हो सकते हैं. नॉन–पैरालिटिक पोलियो, जिसके लक्षण 10 दिनों तक रह सकते हैं. इसमें फ्लू जैसी समस्याएं, जैसे गले में खराश और बुखार हो सकता है. पैरालिटिक पोलियो, जिसके मामले काफी कम आते हैं. इसमें करीब 1: ही मामले होते हैं. इसके लक्षणों में रीढ़ की हड्डी, ब्र.`नस्टेम या दोनों में लकवा भी हो सकता है.पोलियो (च्वसपव) का सबसे ज्यादा खतरा 5 साल से कम उम्र के बच्चों को होता है. अगर किसी वयस्क को बचपन में ही पोलियो वैक्सीन की सभी खुराक नहीं मिली होती है तो उसे भी इस बीमारी से जोखिम हो सकता है. इसके अलावा प्रेगनेंट महिलाएं, जिन्हें पोलियो की खुराक नहीं मिली है, कमजोर इम्यूनिटी या पोलियाग्रस्त वाले इलाकों में रहने वालों को इसका खतरा ज्यादा होता है.भारत अब पोलियो से फ्री हो गया है. यह बड़ी उपलब्धि है. देश ने 2 अक्टूबर 1995को पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया, जिसके तहत 5 साल से कम उम्र के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई. लगातार प्रयासों और बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन अभियान चलाने से यह मुमकिन हो सकता है. भारत में पोलियो का आखिरी मामला साल 2011 में दर्ज किया गया था. इसके बाद 27 मार्च 2014 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (ॅभ्व्) ने भारत को पोलियो मुक्त देश घोषित किया.यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत और दुनिया के कई देशों में कोरोनाकाल में पैरेंट्स ने कोविड वायरस के डर से बच्चों को पोलियो और कई जरूरी वैक्सीन की सभी खुराक नहीं दिलाई हैं. माना जा रहा है कि उन बच्चों में पोलियो वायरस के खिलाफ इम्यूनिटी पूरी तरह बनी नहीं होगी. ऐसे में पोलियो वायरस के संपर्क में आने से उनमें संक्रमण आ सकता है. हालांकि, इसकी आशंका काफी कम है. फिर भी सावधानी की जरूरत है.

## शीतला अष्टमी कब ? क्यों खाते हैं इस व्रत में बासी खाना

शीतला अष्टमी का त्योहार होली के बाद मनाया जाता है. कुछ लोग इसे सप्तमी के दिन मनाते हैं. दोनों ही दिन माता शीतला को समर्पित हैं. पौराणिक मान्यता है कि ये व्रत सेहत के लिए फायदेमंद होता है.इस दिन व्रत और शीतला माता की पूजा करने वालो को संक्रमण से भी बचा जा सकता है. इसे स्थानीय भाषा में बासौड़ा, बूढ़ा बसौड़ा या बसियौरा नामों से भी जाना जाता है. आइए जानते हैं शीतला अष्टमी और सप्तमी की तारीख, पूजा मुहूर्त.शीतला अष्टमी 2025शीतला अष्टमी 22 मार्च 2025 को है. शीतला अष्टमी उत्तर भारतीय राज्यों जैसे गुजरात, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश में अधिक लोकप्रिय है. ऐसा माना जाता है कि, देवी शीतला चेचक, खसरा आदि रोगों को नियन्त्रित करती हैं तथा लोग इन रोगों के प्रकोप से सुरक्षा के लिए उनकी पूजा–आराधना करते हैं.शीतला अष्टमी 2025 पूजा मुहूर्त चौत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 22 मार्च 2025 को सुबह 4 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 23 मार्च 2025 को सुबह 5 बजकर 23 पर समाप्त होगी.पूजा मुहूर्त – सुबह 6.21 से शाम 6.32पूजा अवधि – 12 घंटे 11 मिनट शीतला सप्तमी कब ?शीतल सप्तमी 21 मार्च 2025 को है. इस दिन पूजा का मुहूर्त सुबह 6.21 मिनट से शुरू होकर शाम 6.32 मिनट पर समाप्त होता है.क्यों खाते हैं बासी भोजन ? बा. सोड़ा पर्व की परम्परा के अनुसार, इस दिन घरों में भोजन पकाने हेतु अग्नि नहीं जलायी जाती है, इसीलिये अधिकांश परिवार एक दिन पूर्व भोजन बनाते हैं तथा शीतला अष्टमी के दिन बासी भोजन का सेवन करते हैं. कहा जाता है शीतला माता शीतलता की देवी है इसलिए व्रत करने वालों को इस दिन गर्म चीजें खाने, पूजा में इस्तेमाल करने की मनाही होती है.

## चौत्र नवरात्रि 8 या 9 कितने दिन की है ?

नवरात्रि साधना का समय है. 9 दिन भक्त



माता की साधना करते हैं और 10वें दिन व्रत पारण किया जाता है. मान्यता है इस दौरान माता दुर्गा के 9 स्वरूप की नियम से पूजा करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं.नवरात्रि में तिथियों में हेर फेर के कारण कभी कभी नौ दिनों का ये उत्सव




8 दिनों का हो जाता है. इस साल नवरात्रि कितने दिनों की है, कब शुरू हो रहा है ये उत्सव यहां जानें.चौत्र नवरात्रि 8 या 9 दिन ?इस साल चौत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू हो रही है और इसका समापन 6 अप्रैल को होगा. ऐसे में पंचांग के अनुसार द्वितीया और तृतीया तिथि एक ही दिन है. तिथि क्षय के कारण नवरात्रि 9 नहीं बल्कि 8 दिन की होगी. नवरात्र में तिथि क्षय (दिन कम होना) शुभ संकेत नहीं माना जाता। इसे अनिष्टकारी माना गया हैघट स्थापना के शुभ मुहूर्तसुबह 6.12 से सुबह 10.20 तक. इस दौरान घट स्थापना करने से स्थिर सुख, समृद्धि और धन लाभ मिलने की मान्यता है.सुबह 11रू59 से दोपहर 12रू49 तक, यह अभिजित मुहूर्त है. माना जाता है इस मुहूर्त में घट स्थापना करने से अच्छी सेहत, सौभाग्य और ऐश्वर्य बढ़ता है.चौत्र नवरात्रि की अष्टमी और नवमी कब इस चौत्र नवरात्र में महाअष्टमी तिथि 5 अप्रैल 2025 और महानवमी 6 अप्रैल 2025 को पड़ेगी. नवरात्रि में ये दो दिन बहुत महत्वपूर्ण होते हैं. इस दिन माता के प्रिय भोग नारियल, चना पूड़ी का प्रसाद चढ़ाया जाता है. फिर 9 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराएं. संधि काल में भी माता की पूजा करें. दुर्गा स्तुति मंत्र या देवी सर्वभूतेषु मातृरुपेण संस्थितः, या देवी सवभूतेषु शक्तिरुपेण संस्थितः।या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरुपेण संस्थितः, नमस्तस्यैः नमस्तस्यैः नमस्तस्यैः नमो नमः।।

## सीने में दर्द के कारण एआर रहमान अस्पताल में भर्ती

फेमस म्यूजिशियन एआर रहमान को सीने में दर्द के बाद चेन्नई के अपोलो हॉस्पिटल के इमरजेंसी वॉर्ड में एडमिट कराया गया है. उनकी एंजियोग्राफी करवाई जा रही है. उनकी टीम की तरफ से कहा गया है कि रोजे के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन की वजह से ऐसा हो सकता है. वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एआर रहमान जब से विदेश से वापस आए, उन्हें गर्दन में दर्द की समस्या हो रही है. इसके बाद ही सीने में दर्द हुआ है. आइए जानते हैं आखिर सीने में दर्द की क्या–क्या वजहें हो सकती हैं...सीने में दर्द के कारण1. हार्ट अटैक अगर सीने में अचानक तेज दर्द हो, जो बाएं हाथ, गर्दन, या पीठ तक फैलता है, पसीना आना, सांस लेने में तकलीफ हो, तो यह हार्ट अटैक का लक्षण हो सकता है. यह तब होता है जब हार्ट की ब्लड वेसेल्स में ब्लॉकेज आ जाता है, जिससे दिल पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है. 2. एनजाइना एनजाइना एक प्रकार का सीने का दर्द है जो दिल तक ब्लड सर्कुलेशन में कमी की वजह से होता है. यह आमतौर पर तनाव या शारीरिक परिश्रम के दौरान महसूस होता है और आराम करने पर ठीक हो जाता है.3. मायोकार्डिटिस यह हार्ट की मांसपेशियों में सूजन के कारण होता है. इसके लक्षण सीने में दर्द, धड़कन का तेज होना और थकान हो सकते हैं.4. पेरिकार्डिटिस यह हार्ट के चारों ओर मौजूद झिल्ली में सूजन के कारण होता है, जिससे तेज दर्द महसूस होता है, जो सांस लेने या लेटने पर बढ़ सकता है. अगर आपको सीने में जलन या दर्द महसूस होता है, खासकर खाने के बाद, तो यह गैस्ट्रिक रिफ्लक्स की वजह से हो सकता है. इसमें पेट का एसिड ऊपर की ओर आकर इसोफेगस को प्रभावित करता है. कभी–कभी पेट में गैस बनने से भी सीने में दर्द हो सकता है. यह दर्द हल्का होता है और कुछ देर बाद अपने आप ठीक हो जाता है. अगर खाने के बाद सीने के दाईं ओर दर्द होता है, तो यह गॉल ब्लैडर (पित्ताशय) की पथरी का संकेत हो सकता है फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं अगर सीने में दर्द के साथ बुखार, खांसी और सांस लेने में तकलीफ हो, तो यह न्यूमोनिया हो सकता है. जब फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में ब्लड क्लॉट जम जाता है, तो यह अचानक सीने में तेज दर्द और सांस लेने में कठिनाई पैदा कर सकता है. यह एक मेडिकल इमरजेंसी है. इसके अलावा अस्थमा या ब्रोंकाइटिस में भी यह समस्या हो सकती है. मांसपेशियों और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं मांसपेशियों में खिंचाव, कोस्टोकॉन्ड्राइटिस की वजह से भी सीने में दर्द हो सकता है. यह सीने की हड्डियों और उनके जोड़ में सूजन के कारण होता है, जिससे छूने पर भी दर्द महसूस हो सकता है मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याएं पैनिक अटैक डिप्रेशन और तनाव की वजह से भी सीने में दर्द हो सकता है. इसे स्ट्रेस–इंड्यूस्ड चेस्ट पेन कहते हैं. अगर इस पर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो समस्याएं गंभीर हो सकती हैं.

## पापमोचिनी एकादशी कब ? चौत्र नवरात्रि से पहले इसका क्या महत्व, जानें तारीख, मुहूर्त

होली और चौत्र नवरात्र के बीच आने वाली इस एकादशी को पापमोचिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है. नाम से ही स्पष्ट है कि ये पापों से मुक्ति दिलाने वाली एकादशी है. ये एकादशी वसंत ऋतु के दौरान आती है इसलिए इस दिन खासतौर से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने का भी विधान है. इस साल चौत्र माह में पापमोचिनी एकादशी का व्रत कबरखा जाएगा, नोट कर लें डेट, पूजा मुहूर्त.पापमोचिनी एकादशी 2025 डेटपापमोचिनी एकादशी 25 मार्च 2025 को है. यह एकादशी महान पुण्य देने वाली है जो मनुष्य इस एकादशी का व्रत करता है, उसके पितरों और पूर्वजों को स्वर्ग लोक की प्राप्ति होती है. इसे हिंदू कैलेंडर की आखिरी एकादशी माना जाता है.पापमोचिनी एकादशी 2025 मुहूर्तचौत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 25 मार्च 2025 सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 26 मार्च को सुबह 3 बजकर 45 मिनट पर समाप्त होगी.विष्णु जी की पूजा का मुहूर्त – सुबह 9.22 से दोपहर 1.57पापमोचिनी एकादशी 2025 व्रत पारण समपापमोचिनी एकादशी का व्रत पारण 26 मार्च 2025 को दोपहर 1.39 से शाम 4.06 मिनट के बीच करना शुभ होगा. पारण तिथि के दिन हरि वासर समाप्त होने का समय – 09रू1पापमोचिनी एकादशी महवभगवान श्रीकृष्ण ने पापमोचिनी एकादशी का महत्व सर्वप्रथम अर्जुन को बताया था और कहा था कि इस व्रत को करने से व्यक्ति को 'ब्रह्म हत्या' जैसे घोर पाप से मुक्ति मिल जाती है. जो मनुष्य सद्कर्मों का संकल्प करने के उपरान्त में लोभ–लालच एवं भोग–विलास के वशीभूत होकर गलत कार्य में लिप्त हो जाते हैं, वह पापमोचिनी एकादशी के प्रताप से इन पापों से मुक्ति पा सकते हैं.साथ ही जिस भक्त से विष्णु जी प्रसन्न हो जाते हैं, उसके घर में हमेशा माता लक्ष्मी अपना आशीर्वाद बनाए रखती हैं. परिवार को दुख–दरिद्रता कभी परेशान नहीं करती है.

## ज्यादा कॉफी और चाय पीने की आदत से ब्लड प्रेशर पर कैसे पड़ता है असर?



अगर आप रोजाना कई–कई कप चाय या कॉफी पीते हैं, तो आपका शरीर धीरे–धीरे कैफीन का आदी हो सकता है. इससे ब्लड प्रेशर पर असर कम हो सकता है, लेकिन अगर आपको पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो ज्यादा कैफीन इसे बढ़ा सकता है.हमारे देश में बहुत से लोगों को आंख खुलते ही चाय चाहिए होती है. ऐसे लोग दिन में कई–कई कप चाय और कॉफी पी जाते हैं. अगर उन्हें टाइम पर चाय या कॉफी न मिले तो बेचौनी बढ़ जाती है. ज्यादा चाय या कॉफी पीना नुकसानदायक होता है.इन दोनों में मौजूद कैफीन पाया जाता है, जो शरीर और मस्तिष्क को एक्टिव कर देता है. ज्यादा चाय या कॉफी पीने से आपके ब्लड प्रेशरपर भी असर डाल सकता है ब्लड प्रेशर पर कैफीन का असर रू 1. कैफीन हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है. 2. कैफीन को संकुचित कर सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है. 3. ज्यादा कैफीन से धड़कन बढ़ सकती है. 4. कैफीन शरीर में एड्रेनालिन हार्मोन की मात्रा बढ़ाता है, जिससे ब्लड प्रेशर अस्थायी रूप से बढ़ सकता है.अगर आप कभी–कभी चाय या कॉफी पीते हैं, तो इसका असर आपके ब्लड वेसेल्स पर तुरंत पड़ सकता है. अध्ययनों के अनुसार, कॉफी पीने के 30 मिनट से 1 घंटे के भीतर ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और यह प्रभाव 3 से 4 घंटे तक रह सकता है.अगर आप रोजाना कई–कई कप चाय या कॉफी पीते हैं, तो आपका शरीर धीरे–धीरे कैफीन का आदी हो सकता है. इससे ब्लड प्रेशर पर असर कम हो सकता है, लेकिन अगर आपको पहले से ही हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो ज्यादा कैफीन इसे बढ़ा सकता है.कितनी चाय–कॉफी पीनी चाहिएरू एक्सपर्ट्स के अनुसार, एक हेल्दी इंसान के लिए रोजाना 300–400उह तक कैफीन सुरक्षित माना जाता है. एक कप कॉफी में करीब 95उह कैफीन होता है. एक कप चाय में लगभग 30–50उह कैफीन होता है.अगर आप दिन में 3–4 कप से ज्यादा चाय या कॉफी पीते हैं, तो यह ब्लड प्रेशर काफी ज्यादा बढ़ सकता है. दिन में 1–2 कप चाय या कॉफी पी सकते हैं.

## प्रेमानंद जी महाराज से जानें क्या हम .किसी को अपनी आयु दे सकते हैं

प्रेमानंद जी महाराज एक महान संत और विचारक हैं जो जीवन का सच्चा अर्थ समझाते और बताते हैं. प्रेमानंद जी के अनमोल विचार जीवन को सुधारने और संतुलन बनाएं रखने में मार्गदर्शन करते हैं. प्रेमानंद जी महाराज ने भक्त के पूछे गए सवाल पर बताया कि क्या हम अपनी आयु किसी को दे सकते हैं, इस पर संत महाराज जी का मानना है कि भगवान ही केवल यह कार्य कर सकते हैं. भगवान के सीवा यह कार्य कोई नहीं कर सकता. षविधना ने जो लिख दिया छठी रात्रि के अंक, राई घटे न तिल बढ़े, रहो जीव निशंकष का अर्थ है कि जो भाग्य में लिखा है, वह निश्चित है, उसमें न तो राई भर कम हो सकता है और न ही तिल भर




ज्यादा, इसलिए निश्चिंत रहो. राम जी का वनवास जाना, रावण द्वारा माता सीता का हरण सब कुछ होना ही था. यह सब विधि का विधान है, प्रभु श्री राम और माता सीता जी के विधान में अगर कांटे लिखे थे, तो उनको कष्ट सहना पड़ा. सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलखि कहेउ मुनिनाथ, हानि लाभु जीवनु मरनु जसु अपजसु बिधि हाथ यह सब कुछ विधान के हाथ में है, जिसकी जितनी आयु लिखी है वह उतना ही जिएगा. अगर ऐसा ना होता तो कोई भी अपनी आयु घटता कर अपने प्यारे की आयु बढ़ा देता. जिसकी जितनी आयु है वह उतना ही जिएगा, चाहे कितने भी उपाय कर लो.

# झुग्गी झोंपड़ियों में जीवन यापन करने वाले बच्चों के साथ रॉबिन हुड आर्मी ने मनाया होली का त्यौहार

अलीगढ़ ।रोबिन हुड आर्मी द्वारा रंगों के इस त्यौहार में खुशियों की धुन व अनोखा पल यादों में संजोए रॉबिंस ने यह जश्न झुग्गी झोपड़ी में में यापन करने वाले बच्चों के साथ एक मुस्कराहट के लिए बच्चों को रंग गुलाल लगा कर होली को मनाने की शिक्षा देते हुए मनाया और यहां पिज्जा और कोल्डड्रिंक पार्टी रीना मित्तल,समर्थ मित्तल और सलभ मित्तल के सराहनीय सहयोग से किया गया गया।इस कार्यक्रम में सिटी इंचार्ज बिट्टू भाई सहित भरत शर्मा,गौरव शर्मा,ज्योति शर्मा,प्रांजल, हितेश मोटवानी और तक्ष दत्त सहित टीम मौजूद रही।

# पेंशन प्रकरणों की सुनवाई के लिए 22 मार्च तक प्रस्तुत करें आवेदन मण्डलीय पेंशन अदालत में प्रकरणों की होगी सुनवाई

अलीगढ़ आयुक्त, अलीगढ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह की अध्यक्षता में 03 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कमिश्नरी सभागार में पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी।महिमा चंद अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा मण्डल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पेंशन अदालत में अपने–अपने पेंशन प्रकरणों की सुनवाई के लिए पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन या प्रकरण कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, आगराध्अलीगढ मण्डल जिलाधिकारी प्रांगण, एम०जी० रोड आगरा स्थित कार्यालय में 22 मार्च तक दस्ती रूप में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। पेंशन अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पत्र का प्रारूप मुख्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज के साथ ही अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन आगरा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पेंशन निदेशालय की वेबसाइट www-Pensiondirectorate-up-nic.पद से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने सभी पेंशनर व सेवानिवृत्त कार्मिकों को पेंशन अदालत के आयोजन का लाभ लेने का आव्हान किया है।

# पूर्व विधायक विवेक बंसल के आवास पर आयोजित किया गया होली मिलन समारोह

अलीगढ़ ।होली के पावन उत्सव के अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी व पूर्व विधायक विवेक बंसल के निवास स्थान अयोध्या कुटी मैरिस रोड पर श्री बंसल की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने गीत एवं संगीत से मध्य चल रहे कार्यक्रम का आनंद उठाया और विवेक बंसल ने सबसे गले मिलकर व गुलाब लगाकर लोगों को होली की बधाई दी।वहीं इस कार्यक्रम में उप. स्थित समस्त लोगों ने व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।वहीं इस होली मिलन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी जावेद सईद, गजल गायक जॉनी फॉस्टर,प्रमोद गुप्ता विजडम,कवि डॉ.अशोक अंजुम,डॉ.राकेश सक्सैना,संदीप जैन,विपिन गोयल,विजय लक्ष्मी सिंह,कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह,कैलाश वाल्मीकि,डूंगर सिंह, शाहिद खान,पार्षद बिजेन्द्र सिंह बघेल, शरद गुप्ता,आमिल हुसैन,अविनाश शर्मा, जफरुद्दीन गद्दी,आनंद बघेल,प्रदीप रावत, अंकुर मित्तल,कृष्णाकांत सिंह,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव,कामेश शर्मा, चौधरी वीरेंद्र सिंह,यामीन खान मेव,नादिर ,खान,रईस गाजी,ब्रजेश सविता,भूदेव प्रसाद,रिंकू दिक्षित और सेवादल के अध्यक्ष आलोक गौड़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारीगण व नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मा0 मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिव्यकला हस्तशिल्प महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे सम्मिलित

अलीगढ़ श्री नरेंद्र कश्यप मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश 17 मार्च सोमवार को 10:30 बजे सर्किट हाउस में मा0 जनप्रतिनिधियों, संगठनों के पदाधिकारियों, संयोजक दिव्यांगजन प्रकोष्ठ एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं भेंट वार्ता करेंगे। मा0 मंत्री जी 11:10 बजे कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में दिव्य कला हस्तशिल्प महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे, तदोपरांत 12:20 बजे सड़क मार्ग द्वारा मैनपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 17 मार्च को अलीगढ़ में अलीगढ़ श्री सुभाष चंद्र शर्मा, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग 17 मार्च को अलीगढ़ पधार रहे हैं। श्री शर्मा 10:45 बजे कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय दिव्यकला हस्तशिल्प महोत्सव 2025 में प्रतिभाग करेंगे। वह 18 मार्च को सड़क मार्ग द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# हाथरस में जिला कांग्रेस कमेटी ने श्री राधा कृष्ण कृपा भवन आगरा रोड स्थित कैंप कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया

हाथरस में जिला कांग्रेस कमेटी ने श्री राधा कृष्ण कृपा भवन आगरा रोड स्थित कैंप कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। वरिष्ठ कांग्रेसी हरिशंकर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रज कला केंद्र के कवियों ने होली गीतों से समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार श्याम बाबू चिंतन ने किया।कवि दीपक रफी ने मां शारदा की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने उपस्थित लोगों पर गुलाल और फूलों की वर्षा की। विक्रमादित्य ने कहा कि होली हमारे देश का महापर्व है। इस दिन सभी राग–द्वेष भुलाकर एक–दूसरे से गले मिलते हैं। यह प्रेम और आपसी सौहार्द का त्योहार है, इसलिए सभी को मिल–जुलकर मनाना चाहिए।कार्यक्रम में प्रेम सिंह यादव एडवो. केट, एडी शर्मा, वरिष्ठ कवयित्री मीरा दीक्षित, रोशन लाल वर्मा, प्रदीप पंडित, बाबा देवी सिंह निडर और राजेश उपाध्याय ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर पंडित ऋषि कुमार कौशिक, मनमोहन अग्रवाल, गिरिराज सिंह गहलोत, काजल चौधरी, ठाकुर आकाश सिंह, चौधरी उदल सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

अलीगढ़ रू उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार ने बताया है कि भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, इस प्रकार की बै. ठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च 2025 तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया है।डिप्टी डीईओ पंकज कुमार ने बताया है कि संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960 चुनाव संचालन नियम, 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक जोकि ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध है, ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक
विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# हाथरस में हुई घटना के बाद एटा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी

हाथरस में हुई घटना के बाद एटा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण के निर्देश पर पुलिस ने कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया।कोतवाली नगर थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में गश्त की। इस दौरान पटियाली गेट चौकी प्रभारी विजय सिंह, सुनहरी नगर चौकी प्रभारी अनुराग यादव और गोदाम चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।पुलिस ने घंटाघर बाजार, होली



मोहल्ला और पटियाली गेट क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गई। साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरती। आने वाले त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

# हाथरस में श्री जैन नवयुवक सभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन




हाथरस में श्री जैन नवयुवक सभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिलेश जैन के मंगलाचरण से हुआ। हलवाई खाना स्थित श्री महावीर मंदिर चौतालय में रक्षक माता पद्मावती देवी का चालीसा पाठ बूरे वाले परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। संत भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के प्रमुख सदस्यों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष विवेक जैन ने भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की तैयारियों की जानकारी दी। अध्यक्ष उमाशंकर जैन ने बताया कि महावीर जयंती शोभायात्रा 10 अप्रैल को हलवाई खाना स्थित 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से निकाली जाएगी।इस वर्ष शोभायात्रा में पहले से अधिक झांकियां शामिल की जाएंगी। 6 अप्रैल को बाल मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक को ऐतिहासिक रूप देने की तैयारी की जा रही है। पिछले वर्ष की शोभायात्रा में भव्य झांकी निकालने के लिए ललित जैन को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और पुरुषों ने होली के गीतों पर नृत्य किया और एक–दूसरे पर पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम का संचालन कमलेश जैन ने किया। इस अवसर पर सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी और समाज के लोग उपस्थित रहे।

# हाथरस के सासनी क्षेत्र की तीन पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया

हाथरस के सासनी क्षेत्र की तीन पीएचसी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 199 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया।पीएचसी टिकारी में डॉ. अनंत ने 68 मरीजों का उपचार किया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं। मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की आवश्यकता नहीं है। यहां सबसे ज्यादा खांसी–जुकाम के मरीज मिले। साथ ही 11 मरीजों में बुखार की शिकायत थी।पीएचसी कौमरी में डॉ. आनंद माहौर ने 71 मरीजों की जांच की। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से 16 मरीजों को खांसी की शिकायत थी। इन मरीजों की बलगम और रक्त की जांच करने के बाद दवाएं दी गईं। यहां भी 11 मरीजों में बुखार की शिकायत पाई गई।इस बीच स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. दलबीर सिंह रावत ने सल. `मपुर पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को न तो बाहर से दवा लिखें और न ही जांच के लिए बाहर भेजें। गंभीर मरीजों को सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर करें। यहां डॉ. नीलम ने 51 मरीजों की जांच कर दवाएं वितरित कीं।

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के इगलास थाना क्षेत्र में होली के त्यौहार पर दो दोस्तों ने शराब पी। इसके बाद दोनों की तबियत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन आनन–फानन में दोनों को उपचार के लिए हाथरस के बांगला जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान एक मृत घोषित कर दिया। दूसरे की हालत को गंभीर देखते हुए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे को लेकर मृतक के परिजनों का आरोप है कि दोनों ने एक साथ बैठकर शराब पी थी। शराब जहरीली थी, इसलिए इसकी मौत हो गई है और दूसरे की हालत बहुत गंभीर है।मामला कोतवाली इगलास क्षेत्र के गांव फतेहपुर का है। यहां आज रणवीर निवासी गांव फतेहपुर और राजकुमार निवासी गांव बिसौली ने रविवार की सुबह दुकान से खरीद कर शराब पी ली, जिसके बाद दोनों की अचानक तबियत बिगड़ने लगी। परिजन दोनों को उपचार के लिए हाथरस के बांगला जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मौजूद डॉक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। रणवीर सिंह को गंभीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।हादसे को लेकर मृतक के परिजनों। का आरोप है, दोनों ने एक साथ बैठकर शराब पी थी। शराब जहरीली थी, इसलिए राजकुमार की मौत हो गई है और रणवीर को गंभीर हालत में रैफर कर दिया है। दोनों के घर पर बैठकर शराब का सेवन किया था। मामले में सीओ इगलास दीक्षा भंवरे ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस और आबकारी विभाग ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। आबकारी विभाग ने टेस्टिंग की है, इसमें मिथनॉल नहीं पाया गया। शराब सैंपल को जांच के लिए लैब भेजा गया है। तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।